भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं .1830

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

मध्य प्रदेश में सड़कें

1830. डॉ. राजेश मिश्रा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान मध्य प्रदेश के सीधी और सिंगरौली संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की सड़क की स्थिति में सुधार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों के सुधार और विकास के लिए संस्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) मध्य प्रदेश में सीधी और सिंगरौली संसदीय क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-39 राष्ट्रीय राजमार्ग- 135 सी की कुल लंबाई 470 किमी है। सीधी और सिंगरौली संसदीय क्षेत्रों में एनएच पर चल रहे विकास और रखरखाव के कार्य **अनुबंध-I** में दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक योजना में शामिल मध्य प्रदेश के सीधी और सिंगरौली संसदीय क्षेत्रों से गुजरने वाले रारा पर किए जाने वाले कार्यों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

अनुबंध-I

"**मध्य प्रदेश में सड़कें**" के संबंध में डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा पूछे गए दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1830 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सीधी और सिंगरौली संसदीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चल रहे विकास और रखरखाव कार्यों का विवरण

क्र. सं.	परियोजना	लंबाई (किमी)	संस्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)	किया गया व्यय (करोड़ रुपए में)	वर्तमान स्थिति
1	एनएच-39 के किमी 82.400 से किमी 187.993 खंड तक सीधी सिंगरौली के जीर्णोद्धार और उन्नयन का शेष कार्य	105.593	529.44	105.00	कार्य प्रगति पर है
2	एनएच-135सी के एमपी/यूपी सीमावर्ती गांव कुलडीहा से चितरंगी तक अल्पकालिक रखरखाव कार्य	54.00	4.84	2.16	कार्य प्रगति पर है
3	एनएच-135सी चितरंगी से सिंगरौली किमी 54.00 से के किमी 91.35 तक, जो वैढन के पास एनएच-39 के साथ इसके जंक्शन पर समाप्त हो रहा है, का अल्पकालिक रखरखाव कार्य	37.35	3.34	1.50	कार्य प्रगति पर है

अनुबंध-II

“**मध्य प्रदेश में सड़कें**” के संबंध में डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा पूछे गए दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1830 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान मध्य प्रदेश के सीधी और सिंगरौली संसदीय क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए जाने वाले नियोजित कार्यों का विवरण।

क्र. सं.	परियोजना	लंबाई (किमी)	संस्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)	किया गया व्यय (करोड़ रुपए में)	वर्तमान स्थिति
1	एनएच-39 के रीवा से सीधी खंड तक पेव्ड शोल्डर सहित मौजूदा 2 लेन को 4 लेन में चौड़ीकरण (चुरहट सुरंग और चुरहट बाईपास को छोड़कर)	58	-	-	डीपीआर का कार्य प्रगति पर है
2	एनएच-135सी के सिंगरौली-चितरंगी-बगदरा खंड के किमी 0.00 से किमी 70.100 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन	70.100	-	-	निर्माण-पूर्व गतिविधियाँ पहले ही स्वीकृत हो चुकी हैं और डीपीआर प्रगति पर है। निर्माण कार्य वार्षिक योजना 2024-25 में शामिल है जिसकी अनुमानित लागत 903 करोड़ रुपये है।

*****